**SSC Public Examinations,June - 2021** **09H**

**Second Language- HINDI**

**(MODEL PAPER)**

**Class : X]** **Max.Marks : 100** **[Time : 3h.15min**

........................................................................................................................

**सूचनाएँ :- 1)प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**

**2)सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

**3)प्रश्न पत्र में छः भाग हैं।**

........................................................................................................................

## भाग-I

**I.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **12 x1 = 12**

1. गुरु की कृपा अपार है। ( रेखांकित शब्द का तद्भव रूप पहचानिए। )

| | | |
|---|---|---|
| किरण | किरपा | कोण |

2. अचानक उनकी नजर एक तारे पर पड़ी। (क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।)

3.1985 - अक्षरों में लिखिए।

4. गाँव ----- मेला चला। (सही कारक चिह्न पहचानिए )

| | | |
|---|---|---|
| को | से | पर |

5. वर्षा से पेड़-पौधे और पशु-पक्षी खुश होते हैं। (वाक्य के आधार पर समास पहचानिए।)

i)पेड़-पौधे -- कर्मधारय समास

ii) पशु-पक्षी -- द्वंद्व समास

6. वह अपने विद्यालय को पसंद करता है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)

7. अपने देश से प्यार करने वाला (एक शब्द में लिखिए।)

8. अमीना का मन गद् गद् हो गया। (रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?)

| | | |
|---|---|---|
| पुलकित होना | डर जाना | क्रोधित होना |

9. वह मेरा शिष्य है। ( लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए। )

10. सागर में मोती मिलता है। ( वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए। )

11. हम गेंद खेलते हैं। (वाक्य को भविष्यत काल में बदलकर लिखिए।)

12. रवि ने बाजार जाता है। (शुद्ध रूप में लिखिए।)

## **भाग : II**

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश,पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर अनुच्छेद में पहचान कर लिखिए। 5 x1=5**

**अमीना का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया। यह मूक स्नेह था, मार्मिक प्रेम था जो रस और स्वाद से भरा। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा!**

अ ) 'इक' प्रत्यय वाला शब्द पहचान कर लिखिए।
आ) 'सत्' उपसर्ग वाला शब्द पहचान कर लिखिए।
इ) 'दोस्ती' शब्द का अर्थ पहचान कर लिखिए।
ई). 'यह मूक स्नेह था'। इस वाक्य में विशेषण को पहचान कर लिखिए।
उ). 'अविवेक' शब्द का विलोम शब्द पहचान कर लिखिए।

14 . **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।**
**5 x 1 = 5**

**ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।**
**नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे।।**
**हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।**
**हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे।।**

अ ) भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं [ ]

A) जीवनधाम B) पावनधाम C)आकाशधाम D) स्वर्गधाम

आ ) हमें कौन सा कुहासा तोड़ना है [ ]

A) नफरत B) प्रेम C) विश्वास D) आशा

इ ) भारतवासी निराशा को दूर भगा कर किसे जगाना चाहते हैं [ ]

A) मन B) भार C) विश्वास D) स्नेह

ई ) 'निराशा' - किन दो शब्दों से बना है? [ ]

A) निर+आशा B) निः+आशा C) नी+आशा D) निरा+आशा

उ ) यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है? [ ]

A) बरसते बादल B) भक्ति पद C) ईदगाह D)हम भारत वासी

15. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।   5 X 1 = 5**

**हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं। भारत के अलग-अलग प्राँतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। हमें भारत के सभी प्राँतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं। वैसी भाषा ही हिंदी है, जो सारे भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है। हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ से भी भारतीय कहलाती है।**

अ) हिंदी का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
आ) हिंदी से हम किस की पहचान कर सकते हैं?
इ) भारत के सभी प्राँतों से जुड़ने के लिए किस की आवश्यकता है?
ई) 'भाषा'- शब्द का वचन बदलकर लिखिए?
उ) 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' कैसा पाठ है?

**16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5×1 = 5**

**"मालूम है। इसलिए हम इसकी सिर्फ थोड़ी - सी मात्रा अपने ग्रह पर ले जा रहे हैं। हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाणुओं के मिल जाने के कारण वह ज़हरीला हो गया है। उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गई है, जिससे वहाँ के लोग मरने लगे हैं। हमने तो उन विषाणुओं को नष्ट कर दिया है, लेकिन जल में घुले ज़हर को अभी तक पहचान नहीं पाए हैं। जल को विषहीन बनाने में समय लगेगा। पानी के अभाव में हमारे लोग मर रहे थे।**

अ ) अंतरिक्ष यात्री किस को विषहीन बनाना चाहते हैं? [ ]
A ) ग्रह   B) जल   C) मिट्ठी   D) हवा

आ ) जल किस के मिलने से जहरीला हो गया है? [ ]
A )विषाणु   B) परमाणु   C) जीवाणु   D) महामारी

इ) पानी के अभाव में क्या हो रहा था? [ ]
A )लोग जी रहे थे   B)लोग भाग रहे थे   C)लोग मर रहे थे   D) लोग हँस रहे थे

ई) 'जहर' शब्द का अर्थ क्या है? [ ]
A)नहर   B)पाषाण   C)लहर   D)विष

उ) इस गद्यांश का लेखक कौन है? [ ]
A )श्री प्रकाश   B) प्रेमचद   C)निशंक   D) पंत

## <u>भाग - III</u>

**III)प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 6 पंक्तियों में लिखिए।       2 × 4 =8**

17. आधुनिक हिंदी साहित्यकारों में विशिष्ट स्थान रखने वाले कवि आर.पी.निशंक जी का परिचय दीजिए ?

18. उपन्यास सम्राट प्रेमचंद जी का जीवन परिचय दीजिए?

## <u>भाग - IV</u>

**IV.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए।       8 × 3 =24**

19. वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है |कैसे ?
20. भारतवासी विश्व बंधुत्व की भावना को कैसे जगाना चाहते हैं?
21. हामिद ने मेले में चिमटे को ही क्यों खरीदा ?समझाइए।
22. अंतरिक्ष यात्री ने जल संरक्षण के किन उपायों को बताया?
23. टेसी थॉमस जी के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है?
24. राजू को उसका पुराना स्कूल कैसा लगता था?
25. नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है?
26. राजू के प्रति नये स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था ?

## <u>भाग - V</u>

**V.निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**27)किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए।       1 × 10 =10**

अ) वर्षा ऋतु हमेशा सबकी प्रिय ऋतु है।'बरसते बादल' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

(या)

आ) मीराबाई ने सतगुरु की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया? समझाइए।

**28)किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए।       1 × 10 = 10**

अ) हिंदी विश्व भाषा है| इस पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए?

(या)

आ) कलाम जी के अनुसार आदर्श नागरिक बनने के लिए कौन से गुण होना चाहिए?

## भाग - VI

**VI.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**29)किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1 × 8 = 8**

अ) विहार यात्रा को जाने के लिए अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए|

(या)

आ) आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

**30) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1 × 8 = 8**

अ) 'जल संरक्षण' का महत्व समझाते हुए निबंध लिखिए।

(या)

आ) पुस्तकालय ज्ञान के भंडार हैं।स्पष्ट करते हुए 'पुस्तकालय' पर निबंध लिखिए।